भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख --------------------

Date of examination

पारंगत परीक्षा नवंबर 2023

प्रश्न पत्र - प्रथम

समय : 3 घंटे

पूर्णांक :100

---

1. नीचे दिए गए हिंदी शब्दों में से किन्हीं 10 शब्दों के अँग्रेजी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए ।

(15 अंक)

1. प्रतिहस्ताक्षर	2. प्रतिपूर्ति	3. पंजीकरण	4. अनुकंपा
5. अद्यतन	6. एकमुश्त राशि	7. अवैतनिक	8. करार
9. अनुरक्षण	10. कार्यसूची	11.संस्तुति	12. विकल्प

2. निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । **(15 अंक)**

1. ग्राहकों को और सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ ।
2. ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण को कम किया जाए ।
3. आयोग के विचाराधीन निम्नलिखित विषय होंगे ।
4. वैयक्तिक मामले गुण-दोष के आधार पर तय किए जाएंगे ।
5. मामले को तत्काल निपटाने के लिए अनुरोध किया जाता है ।
6. इस बारे में संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा रहा है ।
7. अग्रिम राशि का समायोजन करें ।
8. सभी लंबित अग्रिमों का विवरण प्रस्तुत किया जाए ।
9. इस आदेश को पूर्व प्रभावी नहीं किया जा सकता ।
10. रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जा रही है ।

3. निम्नलिखित में से किन्ही दो स्थितियों पर यथा निदेशित मसौदे तैयार कीजिए । (20 + 20 अंक)

(क) आपके कार्यालय के सहायक श्री प्रेम सिंह ने कंप्यूटर अग्रिम हेतु आवेदन किया है । कार्यालय अधीक्षक की ओर से अग्रिम की देयता पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए एवं अग्रिम मंजूर होने पर मंज़ूरी आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ख) आपके कार्यालय के सहायक अभियंता, श्री मोहन लाल के दौरा कार्यक्रम के अनुसार उनको दिनांक 11-3-2021 को मुंबई से चेन्नै पहुंचना था लेकिन उनके यात्रा भत्ता बिल के अनुसार वे दिनांक 12-3-2021 को चेन्नै पहुंचे हैं । श्री मोहन लाल ने अपने दौरे की रिपोर्ट में इस देरी का कोई उल्लेख भी नहीं किया है । कार्यालय अधीक्षक की ओर वस्तुस्थिति से कार्यालय प्रमुख को अवगत कराने के लिए टिप्पणी लिखिए और श्री मोहन लाल से इस विलंब का कारण पूछने हेतु आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ग) कंप्यूटरों के रख-रखाव हेतु निविदाएँ मँगाई गई थीं । निविदाएँ खोलने के लिए गठित समिति की सिफारिश पर न्यूनतम दर वाली कंपनी को अनुबंध दिया जाना है । इस संबंध में टिप्पणी एवं पत्र का मसौदा तैयार कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्ही दो स्थितियों पर टिप्पणी तैयार कीजिए । (10 + 10 अंक)

(क) केंद्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली द्वारा प्राथमिक शिक्षक पद को सीधी भर्ती से भरने के उद्देश्य से भर्ती नियम बनाए गए हैं । इन भर्ती नियमों को अनुलग्नक-1 पर दर्शाते हुए इनके अनुमोदन हेतु एक प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा जाना है । प्रस्ताव भेजने के लिए एक स्वत:पूर्ण टिप्पणी तैयार कीजिए ।

(ख) परीक्षा पुनरीक्षण समिति की कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशों को कार्यान्वित करने के बारे में विचार करने के लिए एक बैठक की जानी है । उसके लिए स्थान, समय और तारीख तय करने के संबंध में टिप्पणी तैयार कीजिए ।

(ग) नाभिकीय ऊर्जा को लेकर जनसाधारण में फैली भ्रांतियों पर एक स्वत:पूर्ण टिप्पणी तैयार कीजिए ताकि उसे जन साधारण की जानकारी के लिए प्रेस विज्ञप्ति के रूप में समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया जा सके ।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय लिखते हुए हिंदी वाक्य पुनः बनाइए । (10 अंक)

1. मैं ऑफिस नोट से एग्री करता हूं । आर्डर इशु करें ।
2. रिप्लाई का वेट कीजिए ।
3. यह केस मिनिस्ट्री के विचाराधीन है ।
4. लेबर कमीशन का सजेशन मंत्रालय को फारवर्ड किया जा रहा है ।
5. कोई भी एम्पलाई परमिशन बिना हैड क्वार्टर लीव नहीं कर सकता ।